महिलाओं से जुड़े स्त्रीय स्टीरियोटाइप गुण :-

1.) शांत (2.) गृहिणी (3.) तार्किक

4.) कलात्मक (5.) भावुक (6.) समझदार

* समाज में फैले हुए विभिन्न लिंग भेद

1.) लिंगीय जन्म का भेदभाव :- आपने कभी अपने आस या पड़ोस में बेटी के जन्म पर ढ़ोल नगाड़े या या शहनाइयाँ बजते देखा है ? शायद, नहीं देखा होगा और देखा भी होगा तो कहीं इक्का-दुक्का। हम भारत के लोग यूनी शताब्दी के भारतीय होने पर गर्व करते हैं, बेटा पैदा होने पर खुशी का जश्न मनाते हैं और अगर एक बेटी का जन्म हो जाए तो शान्त हो जाते हैं। प्राचीन काल में लड़कियों को जन्म से पहले ही मार दिए जाते थे। इस तरह लिंगीय जन्म का भेदभाव किया जाता था।

2.) महिलाओं का शोषण :- महिलाओं का शोषण भारतीय समाज की सदियों पुरानी सांस्कृतिक परिघटना है। अधिकांश घरों में, पुरुषों का वर्चस्व होता है, उनकी (महिलाओं) बातों का ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता है। महिलाओं से दुर्व्यवहार किया जाता है।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner